हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 गोशाला का निर्माण समाज की जागरूकता और...



07 श्योपुर पहुंचकर खुद मुआवजा बांटेंगे ...



## खबर संक्षेप

### जिला शहर कांग्रेस ने किया सिख समाज की रैली का स्वागत

**सागर।** श्री सिंह सभा गुरुद्वारा भगवानगंज गुरुद्वारा द्वारा गुरु श्री गुरु तेह बहादुर जी की 350वे शहीदी दिवस के अवसर निकाली गई विशाल वाहन रैली का स्वागत जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में किया गया। शहर में सिख समाज द्वारा निकाली गई विशाल वाहन रैली का जिला शहर कांग्रेस कमेटी सागर ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सिख समाज के प्रमुख सत्येंद्र सिंह होरा व समस्त समाज का अभिवादन किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र चावला, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल चौबे, चमन अंसारी, नीलश अहिरवार, आनंद हेला, दीनदयाल तिवारी, हेमराज रजक, भैयन पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, टीकाराम दीवान, एडवोकेट वीरेंद्र राजे महेश अहिरवार, जयदीप तिवारी, बाबू मछंदर, महेश यादव,

### मतदाताओं की सुविधा हेतु एसआईआर सहायता केन्द्र की स्थापना

**सागर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रत्येक मतदाता को वर्ष 2003 की स्थिति के अनुसार उनकी विधानसभा, भाग संख्या एवं सरल क्रमांक की सटीक जानकारी प्राप्त हो। कई मतदाताओं को यह विवरण प्राप्त करने में कठिनाई हो रही थी, जनपद पंचायत रहली में मतदाताओं की सहायता के लिए एसआईआर सहायता केन्द्र स्थापित किया गया है। यह केन्द्र उन सभी नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है, जिन्हें वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं है। सहायता केन्द्र में प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी। नागरिक अपने विवरण की जानकारी प्राप्त करने हेतु दूरभाष क्रमांक 9131865973 एवं 9301668535 पर संपर्क कर सकते हैं, अथवा स्वयं केन्द्र पर उपस्थित होकर भी विधानसभा, भाग संख्या और सरल क्रमांक की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### अदावाकृत बैंक परिसंपत्तियों के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन 28 नवबंर को

**सागर।** जिले में अदावाकृत बैंक परिसंपत्तियों के त्वरित निराकरण हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 28.11.2025 को अपराह्न 12 बजे से आजीविका मिशन केसली, जिला सागर में आयोजित होगा। इस शिविर में जिले के सभी बैंक एवं बीमा कंपनियों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो लंबित अदावाकृत मामलों के शीघ्र समाधान के लिए ऑन-दि-स्पॉट सहायता प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन कलेक्टर श्री संदीप जी आर की अध्यक्षता में किया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की वित्तीय संपत्तियों जिनमें अदावाकृत बैंक जमा राशि, बीमा दावे एवं अन्य वित्तीय योग शामिल हैं के संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

### प्रलेस की काव्य पाठ गोष्ठी सम्पन्न

**सागर।** प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई की गोष्ठी टीकाराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गोष्ठी में नगर के रचनाकारों ने विविध विधाओं की रचनाओं का पाठ किया तथा विचार विमर्थ भी हुआ।गोष्ठी में कथाकार,समीक्षक सुश्री शरद सिंह ने नागरिक अनुशासन पर विचार रखे। गोष्ठी में निरंजना जैन, ममता भूरिया ने लघु कथा सुनाई। हरगोविंद विश्व और पुष्पेंद्र दुबे ने सुमधुर गीत सुनाए। पेट्रिस फुसकेले, अमित आठिया, वृन्दावन राय सरल, डां. गजाधर सागर, डॉ अनिल जैन ,एम.शरीफ,,डां.दिनेश साहू, ,आशीष निशंक, लक्ष्मी नारायण चौरसिया,कैलाश तिवारी इत्यादि ने कविता पाठ किया।

## डॉ. गौर को भारत रत्न अवश्य मिलना चाहिए

# गौर उत्सवः भारत का बीज पुंज है डॉ. हरीसिंह गौर सागर विश्विद्यालयः आशुतोष राणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक महान शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 156वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 19 नवंबर से 26 नवंबर तक 'गौर उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है । इस क्रम में प्रख्यात सिने अभिनेता और विश्वविद्यालय के पुरा छात्र आशुतोष राणा डॉ. हरीसिंह गौर को श्रद्धांजलि देने विश्वविद्यालय पहुंचे । उन्होंने डॉ. गौर को याद करते हुए कहा कि डॉ. गौर मां सरस्वती के मानस पुत्र हैं । जिन्होंने मां सरस्वती की सेवा में, सरस्वती माँ के माध्यम से अर्जित अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति समर्पित करते हुए सागर विश्व विद्यालय की स्थापना की. कुलपति प्रो. वाई. एस. ठाकुर से बातचीत के दौरान आशुतोष राणा ने कुलपति को गौर उत्सव की बधाई दी साथ ही उन्होने कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय भारत का बीज पुंज हैं जिसमें सारी सभ्यतायें, सारी संस्कृतियां, सारे वर्ग, सारे वर्ण, सारे विषय स्थापित मिल जाते हैं । उन्होंने कहा कि सागर से ही निकलकर मैं महासागर में पहुंचा हूँ । यह मेरे लिए अनुपम उपहार की तरह है । मेरे जीवन में सागर और इस विश्वविद्यालय का अहम् योगदान है । सागर विश्वविद्यालय में आगामी दिनों के कार्यक्रमों में आगमन को लेकर उन्होंने कहा कि मैं विश्व विद्यालय का फिक्स्ड डिपाजिट हूं। विश्व विद्यालय जब चाहे मेरा उपयोग कर सकता है। कुलपति ने आशुतोष राणा का स्वागत करते हुए कहा कि आशुतोष राणा विश्विद्यालय के उन छात्रों में से रहे जिन्होंने अपने क्षेत्र की ऊंचाइयों को छुआ है. ये हमारे अभी के छात्रों के लिए भी प्रेरणा का विषय कि सागर विश्विद्यालय के छात्र हर क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू रहे हैं ।

### गौर साहित्य प्रदर्शनी का किया अवलोकन

गौरतलब है कि गौर उत्सव के दौरान दो दिवसीय गौर साहित्य प्रदर्शनी का आयोजन पुस्तकालय परिसर में किया गया है। आशुतोष राणा ने गौर उत्सव के दौरान विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरु ग्रंथालय में चल रही गौर साहित्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया । तदुपरांत गौर प्रांगण स्थित गौर समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किये और विश्वविद्यालय परिसर में स्थित गौर मूर्ति पर माल्यार्पण किया । गौर समाधि पर पुष्पांजलि के उपरांत आशुतोष राणा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. गौर जैसा दानी इस दुनिया में विरले ही होंगे । उन्होंने बहुत बड़ा दान करके इस विश्वविद्यालय की स्थापना की। वे सरस्वती के साधक थे । उन्हें भारत रत्न मिलना ही चाहिए. इसके लिए मिल जुलकर सबको प्रयास करना चाहिए ।

### अपने बीच पुराने छात्र को पाकर विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

आशुतोष राणा विश्वविद्यालय आगमन पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में ख़ासा उत्साह दिखा. सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उनके साथ सेल्फी ली और आटोग्राफ भी लिए. उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं ।

इस अवसर पर गौर उत्सव के मुख्य समन्वयक प्रो. आशीष वर्मा, समन्वयक प्रो. उमेश पाटिल, डॉ. एस.पी. उपाध्याय, डॉ. राकेश सोनी, प्रो. राजेन्द्र यादव, प्रो. चंदा बेन, संतोष सोहगौरा, डॉ. मोहन टी. ए., प्रो. अजीत जायसवाल, अखिलेश केशरवानी,अखिलेश केशरवानी, डॉ. विवेक तिवारी, सुरेन्द्र सुहाने, सहित शहर के गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे ।



## गुरू तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर आयोजित यात्रा का कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया स्वागत

**सागर।** गुरु तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस, सिखों और सभी भारतीयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन मनाया गया। यह दिन नौवें सिख गुरु जो भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति थे और धार्मिक स्वतंत्रता और सहिष्णुता के प्रतीक रहे, की शहादत का स्मरण कराता है। इसी शहादत को स्मरण करने शहर में वाहन रैली का आयोजन हुआ। जो शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई तीनबत्ती पहुंची जहां शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने पूर्ण आदर के साथ रैली का स्वागत किया। गुरू तेग बहादुर के छाया चित्र पर शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने पुष्पमाला अर्पित की और रैली में सम्मिलित सभी अनुयायियों पर पुष्प वर्षा कर सभी का अभिनंदन किया। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के साथ लल्ला यादव, अन्नू घोषी, तरूण सैनी, लकी दुबे, सुनील टंडन, रवि जैन आदि उपस्थित रहे।



## जिस गांव में सड़क तक नहीं थी आज हवाई जहाज पहुंच रहे हैं: मीना ताई

**सागर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा का शताब्दी जन्मोत्सव रविवार को सिविल लाइन स्थित साई निलयम में हर्षोल्लास से मनाया गया। वेद पाठ, भजन के बाद, बाल विकास के विद्यार्थियों ने जन्मोत्सव गीत, मूल्य गीत गाकर तालियां बटोरीं। क्विज के माध्यम से रामायण, महाभारत के पात्रों स्थानों आदि की जानकारी ली गई। सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। इसके पहले सुबह नगर संकीर्तन और वृहद नारायण सेवा खिचड़ी वितरण की गई। इस अवसर पर मीना पिंपलापुरे ने कहा कि बाबा ने कोई धर्म नहीं चलाया। उन्होंने तो सेवा और प्रेम का ऐसा विस्तार किया कि जिस छोटे से गांव में सड़क तक नहीं थी आज रेल और हवाई जहाज पहुंच रहे हैं। श्री राम दुबे ने जल सेवा के माध्यम से स्वामी के कार्य बताए जिसमें रायल सीमा जैसे सूखा ग्रस्त इलाके में आज पानी की भरपूर उपलब्धता को याद दिलाया। पुरस्कार वितरण, मंगल आरती अनिरुद्ध पिंपलापुरे ने की। इस अवसर पर चंद्रशेखर पिंपलापुरे, आशा पिंपलापुरे, डॉ निकिता पिंपलापुरे, नीता खन्ना, डॉ देवेंद्र मुखारया, बीके गुरु, अनिल शर्मा, संजीव सुहाने, अनुराग गुरु, तेजस पटेल, दुष्यंत पटेल, डॉ अमित दुबे, करुणा गुरु, विजय लक्ष्मी दुबे, कीर्ति दुबे, प्रिया विश्वकर्मा, तपस्या केवट, दीक्षा दुबे, भाव्या-माही शर्मा, सृजन दुबे, कामायनी भट्ट, सुषमा भट्ट, यशा भट्ट, सविता मैत्री, सांचिका मैत्री, डॉ प्रशांत भट्ट, डॉ निकुंज दुबे आदि भक्त उपस्थित थे। आभार संयोजक जितेंद्र यादव ने माना।

## 26 नवंबर को शासकीय कार्यालयों में होगा संविधान की प्रस्तावना का वाचन

**सागर।** 26 नवम्बर के दिन देश में संविधान दिवस मनाया जाता हैं इसी परिपेक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन संसदीय कार्य विभाग निर्देशानुसार जिले में सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वशासी संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रम में संविधान की उद्देशिका का वाचन किया जाएगा।



## थाना प्रभारी ने मैरिज गार्डन व डीजे संचालकों की ली बैठक,दिए सख्त निर्देश, 10 बजे तक बजेंगे डीजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

गढ़ाकोटा में सोमवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे के निर्देशन में मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मैरिज गार्डन और डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। मैरिज गार्डन और होटल संचालकों को उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त के निर्देश दिए गए। उन्हें बताया गया कि समारोह में आने वाले वाहन केवल पार्किंग स्थल पर ही खड़े किए जाएं और गार्डन/होटल के बाहर मुख्य मार्ग पर पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्रत्येक प्रतिष्ठान को अपने गेट पर निजी गार्ड तैनात करने होंगे, जो वाहनों को पार्किंग तक निर्देशित करेंगे। बारात उठाने का स्थान भी मुख्य सड़क से दूर रखने को कहा गया, ताकि यातायात बाधित न हो। डीजे संचालकों के लिए भी सख्त स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। उन्हें अपने सेट का आकार छोटा रखने और ध्वनि स्तर को निर्धारित मानकों के अनुसार रखने को कहा गया। रात्रि 10 बजे के बाद डीजे संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बारात के दौरान बीच सड़क पर डीजे बजाना भी सख्त मना किया गया है सभी को कोलाहल अधिनियम के प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। बैठक में उपस्थित सभी मैरिज गार्डन और डीजे संचालकों ने पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और निर्देशों का पालन करने की प्रतिबद्धता जताई।

## मक्का के वाजिब दाम नहीं मिलने पर रहली में किसानों ने निकाली टैक्टर रैली, दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली



मक्का के वाजिब दाम नहीं मिलने से नाराज किसानों ने सोमवार को रहली में सैकड़ों टैक्टरों के साथ एक विशाल विरोध रैली निकाली। किसानों ने अपनी माँगे पूरी करने के लिए तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा और माँगे पूरी न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों किसानों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। किसानों का कहना है कि उन्हें उनकी फसल का सही मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे वे भारी आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

### ज्ञापन में किसानों की प्रमुख मांगें

किसानों ने तहसीलदार को दिए ज्ञापन में निम्नलिखित चार मुख्य माँगे रखी हैं: समर्थन मूल्य पर खरीदी, मक्का की खरीदी शीघ्र ही समर्थन मूल्य पर की जाए। सोयाबीन क्षतिपूर्तिः सोयाबीन की फसल खराब होने के कारण किसानों को फसल क्षतिपूर्ति दी जाए। हम्माल के रेट निर्धारणः जिले की अन्य मंडियों की तर्ज़ पर रहली मंडी में भी हम्माल (मज़दूर) के रेट निर्धारित किए जाएँ। खेत को इकाई माना जाएः फसल बीमा योजना में खेत को इकाई मानकर बीमा का लाभ दिया जाए, न कि पटवारी हल्का या ग्राम पंचायत को।

किसानों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द ही उनकी इन मांगों पर ध्यान नहीं देती है और उन्हें पूरा नहीं करती है, तो रहली क्षेत्र के किसान एक बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे।

### खुरई के मतदान केंद्र क्रमांक 177 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मिरगावली बीएलओ ने किया शत प्रतिशत कार्य

**सागर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र 036 खुरई अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 177 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मिरगावली के बीएलओ अरविंद लोधी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण किया गया।

## विज्ञान भवन में गूंजा 'अंत्योदय से रामराज्य', डॉ. अवनीश मिश्रा के शोध को अंतरराष्ट्रीय सम्मान

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन 2025 में मध्यप्रदेश का गौरवः डॉ. अवनीश मिश्रा का शोध-पत्र श्रेष्ठ आलेख सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां



विश्व हिंदी परिषद एवं भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 21-22 नवंबर को विज्ञान भवन में संपन्न अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन में मध्य प्रदेश के देवरी स्थित बीकेपी कॉलेज के संचालक डॉ. अवनीश मिश्रा के आलेख ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विद्वत समुदाय का विशेष ध्यान आकर्षित किया। सम्मेलन में विश्वभर से आए राजदूतों, कुलपतियों, हिंदी विद्वानों, अंतरराष्ट्रीय साहित्यकारों तथा वरिष्ठ पत्रकारों की भागीदारी ने कार्यक्रम को अद्वितीय वैश्विक स्वर दिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में डॉ. मिश्रा एवं शिवम शर्मा का शोध-आलेख "अंत्योदय से रामराज्य : एकात्म मानवदर्शन की युगधारा" प्रस्तुत हुआ, जिसे विचार-गहनता, मूलग्रंथों की प्रामाणिकता और समकालीन शासन-नीति के संदर्भ में किए गए विश्लेषण के कारण विशेष सराहना प्राप्त हुई। यही नहीं, डॉ. मिश्रा के आलेख को सम्मेलन के श्रेष्ठ 31 उत्कृष्ट शोध-पत्रों में चयनित करते हुए 13वीं वरीयता प्रदान की गई तथा इसे अंतरराष्ट्रीय स्मारिका में स्थान देकर प्रकाशित भी किया गया जो निस्संदेह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि है। इस सम्मान का प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह विज्ञान भवन में उनके प्रतिनिधि श्री शिवम शर्मा ने प्राप्त किया। डॉ. मिश्रा के आलेख में पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन को केंद्र में रखते हुए रामचरितमानस के दोहों-चौपाइयों के माध्यम से 2014 के पश्चात शुरू हुई केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का विश्लेषण किया गया। अंत्योदय, लोक कल्याण, सुशासन और रामराज्य की अवधारणाओं को समकालीन प्रशासनिक परिप्रेक्ष्य में जोड़ते हुए शोध-पत्र ने सम्मेलन में एक वैचारिक विमर्श उत्पन्न किया। उल्लेखनीय है इस वर्ष मध्यप्रदेश से दो आलेख श्रेष्ठ आलेख सम्मान हेतु चुने गए जिसमें शहडोल के सेवानिवृत्त कमिश्नर डॉ अशोक कुमार भार्गव IAS एवं डॉ० अवनीश मिश्रा का आलेख शामिल रहा।

सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में इथियोपिया, फिजी, गुयाना, सूरीनाम, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, नीदरलैंड, इंग्लैंड, चीन आदि देशों के राजदूतों एवं विद्वानों ने अपने व्याख्यानों से कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय गहराई प्रदान की। लद्दाख के उपराज्यपाल माननीय कवींद्र गुप्ता, निवर्तमान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, राज्यसभा सांसद धर्मशील गुप्ता और रेखा शर्मा, वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव बलदेव पुरुषार्थ, तथा भाजपा मुखपत्र कमल संदेश के संपादक डॉ. शिवशक्ति नाथ बख्शी सहित अनेक गणमान्य जन सम्मेलन में उपस्थित रहे।

पत्रकारिता सत्र में वरिष्ठ टीवी पत्रकारों ने आधुनिक हिंदी मीडिया की भूमिका पर विचार रखे। चर्चित टीवी एंकर ऋचा अनिरुद्ध ने अपने वक्तव्य में अपने नानाजी भैयालाल व्यास का स्मरण करते हुए स्वयं को "बुंदेलखंड की बेटी" कहकर सभागार में आत्मीयता का वातावरण निर्मित किया।

इसी गरिमामयी श्रृंखला में डॉ. अवनीश मिश्रा का शोध-पत्र राष्ट्रीयता, मानवता और एकात्मता की उस मूल धारा का प्रतिनिधि बनकर उभरा, जिसकी जड़ें दीनदयाल दर्शन में गहरे धंसी हैं। विज्ञान भवन में उनका शोध-वाचन श्री शिवम शर्मा द्वारा किया गया, जिसे विद्वानों ने विशेष रुचि एवं सम्मान के साथ सुना।

सम्मेलन का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक-दार्शनिक आत्मा है और अंत्योदय से रामराज्य तक की यात्रा उसी आत्मा की मानवीय युगधारा का विस्तृत प्रकाशमान रूप है।



## ध्यान से बढ़ती है सकारात्मकता, इसे घर-घर तक पहुंचाना है: कपिल मलैया

**सागर।** विश्व ध्यान दिवस के पूर्व विचार समिति द्वारा शहर में 50 विचार मोहल्ला टीमों के बीच ध्यान शिविरों की श्रृंखला शुरू की गई है। इसी क्रम में आज पहला ध्यान शिविर तिलकगंज वार्ड में आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में 35 से अधिक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने इस शिविर का लाभ लिया। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक परम पूज्य श्री श्री रविशंकर जी के उपदेश वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों तक पहुंचाये गए। शिविर का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया एवं संकल्प मलैया ने किया। दोनों प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को सरल एवं प्रभावी तकनीकों के माध्यम से तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच और संतुलित दिनचर्या की दिशा में प्रेरित किया। कपिल मलैया ने बताया कि नियमित ध्यान न केवल मन को शांत करता है, बल्कि शरीर में ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में ध्यान एक मजबूत सहारा बन सकता है। उनके अनुसार, ध्यान करने से मानसिक एकाग्रता बढ़ती है, नींद में सुधार होता है एवं व्यक्ति अधिक संयमित और प्रसन्नचित्त महसूस करता है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व ध्यान दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य चेतना का एक बड़ा अभियान है, जिसका उद्देश्य ध्यान को घर-घर तक पहुंचाना है। विचार समिति का यह प्रयास उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में ऐसे कई ध्यान शिविर लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकें और इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना सकें। विचार समिति के सदस्यों ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य लोगों में सकारात्मकता, सौहार्द्र और स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर के अंत में प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे निरंतर जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### बारात में हलवाई के साथ मारपीट

**ललितपुर।** तालाबपुरा डोंडाघाट निवासी सोनू चौरसिया पुत्र धर्मदास ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार की रात करीब 9.20 बजे उसके चचेरे भाई की बारात का कार्यक्रम चल रहा था। तभी बारात में लक्ष्मीपुरा निवासी शाकिब खान पुत्र मोनिस ने अपने अज्ञात साथियों के साथ आकर उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि वह हलवाई का काम करता है, इस पर शाकिब ने कहा कि वह हलवाई का काम करेगा तो उसे जान से मार देंगे। पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया

**ललितपुर।** पावर हाऊस के पास महरौनी निवासी ममता पत्नी स्व.जानकी प्रसाद ने पुलिस को बताया कि बीते शनिवार को शाम करीब 6 बजे वह अपने घर में थी। तभी पड़ोस की जयन्ती पत्नी ओमप्रकाश व ओमप्रकाश ने आकर उसे गालियां दीं और लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### मंत्री सिंधिया 28 को करेंगे चंदेरी महोत्सव का शुभांरभ

**अशोकनगर।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पड़ौसी जिला गुना के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं इस भ्रमण कार्यकम्र के दौरान 28 नबंवर को गुना के कोंकर ग्राम से दोपहर 3:15 बजे ईसागढ तहसील के ग्राम कोहरवास पहुंचेगें। जहां आमजनों से मिलेगें और 3:30 बजे कोहरवास से प्रस्थान करेगें और 4:30 बजे चन्देरी पहुंचेगें जहां चन्देरी महोत्सव का शुभारंभ कर वहां से वापिस गुना के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अवैध शराब के अनेक मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं जिले की ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ग्राम खैराई निवासी संतोष आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने सोनू अहिरवार निवासी अजीत कॉलोनी मुंगावली के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### ट्रैक्टर ने मारी बाइक को टक्कर, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम फतेहपुर निवासी धन्नालाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिशुपाल यादव ने अपने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसकी बाईक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर चालक पर मामला दर्ज किया है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मढी तूमैन निवासी अनेश ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पिन्टू परिहार, राहुल और अमन केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी केसर बाई मीणा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुमित बाल्मीक ने घर खाली कराए जाने पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माता मढ मोहल्ला अशोकनगर निवासी पूजा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी ससुराल खेजरा कला में है ससुराल पक्ष की ओर से हल्कैया, शीलाबाई, रामबाबू और रामनिवास अहिरवार ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति कर मारपीट की। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी बलवंत बागडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुल्लु बागड़ी ने उस पर चाकू से हमला कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

### रास्ते में बच्चे महिला व पुरुष गुरबाणी कीर्तन करते हुए ढोल मझीरे बजाते चले

# गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस पर निकाली प्रभातफेरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में गुरु तेग बहादुरजी के 350 वे शहीदी दिवस पर नगर में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा से आरंभ होकर आजाद चौक, सावरकर चौक, घंटाघर, सदर कांटा, कंपनी बाग, होते हुए तुवन चौराहे से स्व.सरदार अवतार सिंह के आवास सिविल लाइन पहुंची, जहां पर अखंड पाठ साहिब की आरंभता हुई रास्ते में बच्चे महिला व पुरुष गुरबाणी कीर्तन करते हुए ढोल मझीरे छेने चिमटे बजाते हुए धन गुरु तेग बहादुर साहिब। तेग बहादुर हिंद की चादर जैसे शब्दों का उच्चारण करते हुए चल रहे थे। 25 नवंबर मंगलवार को स्व.सरदार अवतार सिंह आवास पर अखंड पाठ साहिब का समापन होगा। उपरांत मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दलजीत सिंह व ईश्वर सिंह व झांसी से पधार रहे। हरकीरत सिंह का रागी जत्था गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल करेगा। उपरांत परिवार द्वारा गुरुजी के लंगर की सेवा होगी। रात्रि में गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में 7 से 8.30 बजे तक रहीरास साहिबजी का पाठ उपरांत गुरबाणी कीर्तन अरदास तथा लंगर व दूध की सेवा होगी। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा, मंत्री मनजीत सिंह, कोषाध्यक्ष परमजीत सिंह, सतनाम सिंह भाटिया, जगजीत सिंह बॉबी, दलजीत सिंह, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, कवलजीत सिंह, बिंदु कालरा, मानवेंद्र कौर, जसविंदर कौर, मनप्रीत कौर, चांदनी अरोड़ा, गुरप्रीत कौर, अरविंदर सिंह, गुरवीर सिंह, हरजीत सिंह, सुरजीत सिंह, स्वामी प्रसाद यादव, बलजीत सिंह, मुन्नालाल, ज्ञानी गुरचरण सिंह, मनिंदर सिंह रणवीर सिंह परमार आदि उपस्थित थे।

---

### अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में भव्य पुष्पाश्रय गोशाला का लोकार्पण

# गोशाला का निर्माण समाज की जागरूकता और सामूहिक प्रयास का परिणाम: एडीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रागैतिहासिक दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में निर्मित भव्य गोशाला का उद्घाटन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव एवं सुमन जैन द्वारा ध्वजारोहण एवं पूजन के साथ हुआ। बताया गया है कि कार्यक्रम के शुभारंभ में गुरुकुलम के छात्रों आदित्य, आदर्श और अक्षत द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत गीत के साथ हुआ। क्षेत्र में पहलीबार आयोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गोशाला संयोजकों सुरेंद्र जैन सौजना, संदीप एड., रविन्द्र मैंगुवा द्वारा सभी अतिथियों का शॉल, माला एवं प्रतीक-चिह्न देकर सम्मान किया गया। संचालन पं.इंद्रकुमार जैन ने किया। एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि गो सेवा भारतीय संस्कृति की प्रमुख धारा है। नवागढ़ क्षेत्र में इतनी सुसज्जित गोशाला का निर्माण समाज की जागरूकता और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ करते हैं। अध्यक्षता कर रहे सुमन जैन ने बताया कि गोशाला समाज की आध्यात्मिक उन्नति का केंद्र है। क्षेत्र निर्देशक जयकुमार निशांत ने कहा कि गोशाला का यह निर्माण समाज के सहयोग और विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि इस सेवा कार्य को आगे बढ़ाने के लिए सभी का जुडन्ना आवश्यक है। इस दौरान सुरेंद्र जैन, संदीप जैन एड., महामंत्री वीरचंद्र जैन, मंत्री अशोक जैन व सुनील जैन ने भी संबोधित किया। इस दौरान इंद्रकुमार जैन, वीरचन्द जैन, कपूरचंद्र गौना, कपूरचंद्र डुंडा, अशोक मैनवार, डा.भरत गुढ़ा, धर्मेश गुडा, प्रदीप गुडा, बृजनंदन वैद्य, पुष्पेंद्र सिंह, रामनारायण गुर्जर, रामनाथ गुर्जर, यशपाल सिंह, भगवान सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दामोदरदास दुबे, अशोक राजा आदि सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में वीरचंद जैन ने आभार जताया।

### अधिकांश गोशालाओं में ठंड के इंतजाम, व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली

ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की गोशालाओं एवं गौआश्रय स्थलों के सुचारु संचालन हेतु जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने 33 जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों को नामित कर जनपद की विभिन्न गोशाओं का निरीक्षण कराकर व्यवस्थाओं का आंकलन किया। नामित अधिकारियों की प्राप्त निरीक्षण आख्या के अनुसार अधिकांश गोशालाओं में समुचित प्रबंधन एवं आवश्यक सुविधाएं संतोषजनक पायी गईं, निरीक्षण के दौरान गोवंश हेतु शीतनिरोधक व्यवस्था, स्वच्छ चारा पानी की उपलब्धता, पर्याप्त भूसे का भण्डारण, स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, रैनशेड, नियमित साफ-सफाई तथा देखभाल की व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गईं। कई स्थलों पर स्थानीय प्रशासन एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अभी से सर्दी से बचाव हेतु अतिरिक्त प्रबंधन भी किये गए हैं, जिससे गोवंश को ठंड से बचाने के लिए उपर्युक्त वातावरण सुनिश्चित हो सके। वहीं कुछ गोशालाओं में साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने एवं सर्दी से बचाव हेतु पर्याप्त इन्तजाम न होने पर सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी, सचिव व ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि वह गोशालाओं में समुचित व्यवस्थाओं को जल्द सुदृढ़ करें अन्यथा की स्थिति में सम्बंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण करने वाले सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शीतलहर की स्थिति में सभी गोशालाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा स्थानीय प्रशासन व ग्राम पंचायत से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि गोशाओं का समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि गोवंश को किसी प्रकार की हानि न होने पाए। यह भी निर्देश दिये गए कि बीमार गौवंशों को अन्य गोवंशों से अलग रखकर उपचारित किया जाए और ठण्ड से बचाव हेतु पर्याप्त तीरपाल एवं अलाव की व्यवस्था की जाए। मड़ावरा ब्लॉक के वृहद गोवंश आश्रय स्थल डगडगी प्रकरण में जांच के दौरान पाया गया कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा रात्रि में गोशाला की बाउंड्री तोडक़र कुछ गोवंशों को भगा दिया गया, जिस पर सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

---

### बुंदेलखंड विकास सेना की बैठक

# गोशालाओं में अनियमिताओं व अव्यवस्थाओं पर रोष जताया



**ललितपुर।** बुंदेलखंड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में बबुंदेलखंड विकास सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक की अध्यक्षता में आहूत की गई । बैठक में ललितपुर की तमाम गौशालाओं में व्याप्त अनियमिताओं और अव्यवस्थाओं पर गहरा रोष व्यक्त किया गया । बुवि सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक ने कहा कि विगत कई दिनों गोशालाओं के लिए आपूर्ति किये जाने वाले भूसे की खरीद में गड़बड़ी तथा गोशालाओं में तमाम अव्यवस्थाएं प्रदेश सरकार के लिए एक बदनुमा दाग है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार पूरे उ. प्र. में गौ सेवा के नाम पर बड़े बड़े दावे करती है परन्तु धरातल पर गोशालाओं के बदतर हालात चीख चीख कर हकीकत बयां कर रही है। बु.वि.सेना के वक्ताओं ने कहा कि ललितपुर की अधिकांश गोशालाओं में जानवरों का हालत बद से बदतर है ।जानवरों को ठंड से बचाने के कोई उपाय नहीं किए गये ।बीमार गोवंशों के इलाज के कोई विशेष प्रबंध नही किए गये । बु. वि. सेना के वरिष्ठ सदस्य फूलचंद रजक ने कहा कि अभी हाल ही में ललितपुर की डगडगी गोशाला में तमाम अनियमिताओं को उजागर करने वाले पत्रकार देवेंद्र कौशिक पर उलटा मुकदमा दर्ज करने पर बु. वि. सेना कड़े शब्दों में भर्त्सना करती है।

उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि ललितपुर जिले की सभी गोशालाओं में उचित प्रबंध करते हुए भूसे नाम पर हो रही अनियमिताओं को तत्काल प्रभाव से रोका जाये । भूसे की आपूर्ति के समय वीडियोग्राफी कराते हुए मोनिटरिंग किया जाना आवश्यक है । साथ पत्रकार देवेंद्र कौशिक मामले की उच्चस्तरीय जांच करायी जाये। बैठक में बु. वि. सेना के कार्यकर्ताओं में अमर सिंह बुंदेला , कदीर खां, खुशाल बरार , संजू राजा ,भैयन कुशवाहा, राजीव साहू, नन्दराम कुशवाहा, रामप्रकाश झा , लल्लू सिंह , रामसहाय राठौर , लालचंद रजक , सुरेश झा , सुजीत धानुक , प्रमोद कुमार , विनोद रैकवार , गफूर खां ,सरमन , फुन्दी रैकवार , कामता प्रसाद भट्ट , आशाराम आदि रहे।

---

### 61 साल बाद लखनऊ में 24 से हो रहा है कार्यक्रम

# शिक्षक व विद्यार्थियों का 49 सदस्यीय स्काउट गाइड दल रवाना, राष्ट्रीय जम्बूरी में भाग लेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राजधानी 29 नवंबर तक भारत स्काउट्स और गाइड्स का 19वां राष्ट्रीय जम्बूरी 61 साल बाद आयोजित हो रहा है। वृंदावन योजना स्थित रक्षा एक्सपो ग्राउंड में होने वाले इस ऐतिहासिक आयोजन में 32,000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे, जिनमें एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधि भी हैं।

यह युवा नेतृत्व, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की संस्कृति और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर बताया है। इसमें डिजिटल तकनीक, ड्रोन शो, आईटी/एआई हब और उच्च सुरक्षा मानकों का उपयोग किया जाएगा, जो इसे एक प्रेरणादायक और तकनीकी रूप से उन्नत आयोजन बनाएगा। डीआईओएस ओमप्रकाश सिंह, नेमवि प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री, सचिव जयशंकर प्रसाद द्विवेदी, रमेशकुमार तिवारी ने जिले से स्काउट एवं गाइड का 49सदस्यीय दल जम्बूरी में प्रतिभाग हेतु रवाना किया। जिला कमिश्नर स्काउट एवं प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने बताया कि भारत स्काउट और गाइड की 75वीं वर्षगांठ पर 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी समारोह 24 से 29 नवंबर को लखनऊ में होरहा है। प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन करेंगे और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू समापन समारोह में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि जनपद के स्काउट गाइड दल में स्काउट शिक्षक 4 स्काउट छात्र- 22, गाइड शिक्षिका, 4 गाइड छात्रायें 19 कुल 49 सदस्यीय दल ने प्रस्थान किया। ललितपुर से व्यवस्थाओं सम्मिलित डा.राजीव निरंजन दो दिन पूर्व से भेजे गए हैं।

---

### प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर हालातों से अवगत कराया

# पत्रकारों पर हमले की श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने की निंदा, उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग



**ललितपुर।** विगत कुछ दिनों में पत्रकारों पर हुये हमलों व मुकद्दमों पर गंभीरता से विचार किये जाने, पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराये जाने और हाल ही में घटी घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग को लेकर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन तुवन मंदिर प्रांगण में सौंपा गया। ज्ञापन में गिरार थानान्तर्गत डगडगी गोशाला प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने, देवेन्द्र कौशिक, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा व अरविन्द मिश्रा पर दर्ज मु.अ.सं. 80/25 बीएनएस की धारा 121 (1), 329 (2), 115 (2), 352, 308 (5) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1) द, ध व 3 (2) 5 क के तहत एवं गिरार क्षेत्र के निवासी देवीसिंह पुत्र पूरन सिंह द्वारा मु.अ.सं. 81/25 बीएनएस की धारा 191 (2), 329 (2), 324 (3), 351 (3) के तहत एफआईआर गिरार थाना पर जांच होने तक अग्रिम कार्यवाही को अस्थाई रूप से स्थगित रखे जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन में पत्रकार संजीव नामदेव पर दूध डेयरी संचालक द्वारा की गयी कार्यवाही, महिला पत्रकार संजना सिंह पर दर्ज एफआईआर और पत्रकार संभव सिंघई पर हुये हमले की निन्दा करते हुये इन प्रकरणों की जांच कराये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय सुशील चौबे, भरत रावत, अजय प्रताप सिंह तोमर, शत्रुघन शुक्ल, संजना सिंह, शंकरलाल छिल्ला, दीपक राठौर, चन्दन सिंह, राममूर्ति तिवारी, दिनेश पाण्डेय, हरीओम चौरसिया, प्रदीप चौबे जरया, कपिल नायक, मानवेन्द्र, रामकुमार नायक आदि मौजूद रहे।

---

### ग्राम बिरारी की वारदात

# खेत पर आग ताप रहे भाइयों पर जानलेवा हमला, एक घायल

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम बिरारी में रहने वाले देवेन्द्र कुमार पुत्र राजाराम ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 20 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे वह अपने खेत पर आग जलाकर अपने भाई सुरेन्द्र के साथ ताप रहा था। तभी वहां पर गांव के कनई पुत्र मोहन, राजकुमार, दिनेश, संतराम पुत्रगण कनई, राजपाल पुत्र जशरथ, श्रीराम आदि एकराय होकर आये और उसे बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे धारदार सुरया, लोहे के सरिया से उस पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके भाई के सिर में सरिया में गंभीर चोट आ गयी और वह भी घायल हो गया। आरोप है कि जब उसने बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसके भाई का मोबाइल फोन भी गिर गया। आरोप है कि उक्त लोग आपराधिक किस्म के हैं। घटना के दौरान उसने डायल 112 को भी फोन लगाकर सूचना दी, जिस पर उसकी शिकायत अभी तक दर्ज नहीं की गयी थी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

**सौजना पुलिस ने दुष्कर्मी युवक को पकड़ा-** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सौजना पुलिस ने ग्राम नैगुवां थाना बानपुर निवासी इन्द्रपाल पुत्र परमानन्द लोधी को हिरासत में लिया है।

---

### कबीर सैनिक सेवार्थी समिति की बैठक में चर्चा की, काव्य रचनाएं प्रस्तुत की

# वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा स्थापना करने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




कबीर सैनिक सेवार्थी समिति कंचनधाम के तत्वावधान में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वीरांगना झलकारी बाई की जयंती घंटाघर पर धूमधाम से मनाई गई। शुभारंभ झलकारी बाई के चित्र पर पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों द्वारा माल्यार्पण कर तत्पश्चात दीपों को प्रज्ज्वलित कर दीपांजलि कार्यक्रम किया गया।

वक्ताओं ने वीरांगना के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके शौर्य जीवन पर काव्य रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में समाज बंधुओं, गणमान्य नागरिकों ने शहर में झलकारी बाई की प्रतिमा यथाशीघ्र स्थापित कराए जाने का समर्थन कर संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस प्रस्ताव पर समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि पिछले दिनों मंत्री मनोहर लाल को एक ज्ञापन दिया गया था, जिस पर उन्होंने प्रतिमा स्थापना का आश्वासन भी दिया। प्रतिमा स्थापना की मांग लगातार कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन कोई भी ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी समाज बंधुओं, पदाधिकारियों व गणमान्य नागरिकों ने प्रतिमा स्थापना कराने का संकल्प लिया।

अंत में अध्यक्ष ने आभार जताया। इस दौरान संरक्षक डा.खेमचंद वर्मा, जसवंत साध, रामकृष्ण कुशवाहा एड., सुमनलता, चंद्रप्रभा, महंत लक्ष्मण प्रसाद मालवीय, अश्विनी कुमार, राधेश्याम ताम्रकार, पंकज अंगार, मनीष पटवारी, दशरथ साध, धनीराम भारती, ब्रजेश पहाड़ी, सुरेंद्र अहिरवार, राकेश नामदेव, अध्यक्ष मनीष कुमार, महामंत्री महेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, मंत्री मुकेश कुमार, अंकित साध, गौतम साध आदि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर पहुंचे बड़ौदा,जनसभा के लिए तीन स्थलों का किया निरीक्षण

# श्योपुर पहुंचकर खुद मुआवजा बांटेंगे मुख्यमंत्री, बड़ौदा में होगी जनसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

27 अक्टूबर को बेमौसम बारिश से जिन किसानों की फसलें प्रभावित हुई थी उनको अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खुद ठीक एक माह बाद श्योपुर पहुंचकर मुआवजा वितरण करेंगे। 27 नवंबर को मुआवजा वितरण के लिए होने वाली जनसभा के लिए सोमवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने बड़ौदा पहुंचकर संभावित सभा स्थल चिन्हित करने के लिए तीन स्थानों का जायजा लिया।

यहां बताना होगा कि विगत 27 अक्टूबर को बड़ौदा बत्तीसा क्षेत्र सहित जिले भर में हुई बे मौसम बारिश से धान की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई थी उक्त फसलों का मुआवजा के लिए प्रशासन ने युद्ध स्तर पर सर्वे करा कर रिपोर्ट शासन को भेज दी थी लेकिन राजनीति लाभ हानि लेने के चक्कर में मुआवजा राशि किसानों के खातों डाले जाने से तब उलझ गई जब कांग्रेस ने उक्त मामले में अगुवाई शुरू कर दी कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल ने पहले अनशन शुरू कर दिया बाद में भूख हड़ताल कर दी जिसके चलते मुआवजा में देरी हो गई बाद में प्रशासन और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की समझाइश के बाद विधायक बाबू जंडेल द्वारा धरना समाप्त कर देने के दूसरे ही दिन भाजपा नेताओं ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुआवजा दिलाने की मांग की जिस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर अर्पित वर्मा के माध्यम से भेजे गए सर्वे अनुसार मुआवजा वितरण करने की न सिर्फ सहमति दे दी बल्कि 27 नवंबर को श्योपुर पहुंचकर उन्होंने खुद मुआवजा वितरण के सहमति दी। इसके बाद प्रशासन ने मुख्यमंत्री की जनसभा कराने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी। सोमवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित प्रशासनिक पुलिस अधिकारी स्थल निरीक्षण करते रहे इस दौरान उन्होंने बड़ौदा तहसील मुख्यालय स्थित सौरती मेला मैदान, पुलिस परेड ग्राउंग, एवं कृषि उपज मंडी बड़ौदा मैदान का निरीक्षण किया इनमें से ही किसी एक स्थल को सीएम की जनसभा स्थल के रूप में विकसित किया जाना है।



#### 100 करोड़ रुपए हो सकते हैं वितरण

हालांकि प्रशासन ने क्रॉप कटिंग के माध्यम से किसानों को मुआवजा राशि के लिए प्रस्ताव बना कर शासन को भेज दिया है। किस किसान को कितना पैसा मिलना है यह पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज भी कर दिया गया है लेकिन उसे शो तभी किया जाएगा जब संबंधित के खाते में राशि डाल दी जाएगी लेकिन किस किसान के खाते में कितनी राशि डाली जानी हैं इस पर अभी कयास ही लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार 90 हजार किसानों को मुआवजा के लिए चिन्हित किया गया है और सरकार उन्हें 100 करोड रुपए का वितरण करने जा रही है अगर यह राशि पूरे जिले में वितरण की जाती है तो राशि लगभग सबके खातों में बराबर ही जाएगी अगर क्रॉप कटिंग को आधार माना राशि का वितरण किया गया तो कुछ किसानों के खातों में बहुत अधिक तो कुछ के खातों में बहुत कम राशि जाएगी।

#### पुलिस परेड ग्राउंड बन सकता है सभा स्थल

हालांकि प्रशासन ने अभी तय नहीं किया है कि कौन सा स्थल जनसभा के लिए चिन्हित किया जाए लेकिन जिन तीन स्थानों का कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निरीक्षण किया है उनमें से पुलिस परेड ग्राउंड थाना बड़ौदा को जनसभा स्थल बनाया जा सकता है, यह स्थल सड़क किनारे है और यहां किसानों को अधिक दूरी पैदल चलकर नहीं जाना पड़ेगा शहर के बीचो-बीच होने के चलते लोगों के लिए जनसभा तक पहुंचना आसान होगा। वही सौरती मेला मैदान पर हेलीपैड बनाया जा सकता है यहां से सभा स्थल पास पड़ेगा। किसानों ओर आमजन के वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए कृषि उपज मंडी बडौदा मैदान पर पार्किंग व्यवस्था की जा सकती है। संभवतः मंगलवार को चंबल संभागायुक्त श्योपुर पहुंचकर कौन सा स्थल जनसभा के लिए ठीक रहेगा फैसला ले सकते हैं।

### जाको राखे साइयां मार सके न कोय, वाली कहावत हुई चरितार्थ

# फुल स्पीड में आ रही एंबुलेंस हाईवे पर पलटी, जच्चा बच्चा को खरोंच तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जाको राखे साइयां मार सके न कोई, वाली कहावत सोमवार को श्योपुर मुरैना हाईवे पर उस समय चरितार्थ होती दिखी जब एक जच्चा बच्चा को फॉलोअप के लिए बरगवां गांव से जिला अस्पताल ला रही एम्बुलेंस गोरस तिराहे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। एंबुलेंस कितनी स्पीड थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एंबुलेंस के सभी जांच फूट गए और एंबुलेंस बुरी तरह टूट फूट गई लेकिन एंबुलेंस में बैठी मां और बच्ची को खंरोच तक नहीं आई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगवां निवासी पप्पू पटेलिया की पत्नी को करीब एक माह पहले जिला अस्पताल में प्रीमेच्योर डिलीवरी हुई थी बच्ची का वजन बेहद कम होने से उसके बचने के चांस भी कम थे लेकिन चिकित्सकों के अथक प्रयास से उसकी जान बचा ली गई। जन्म के बाद उसे एसएनसीयू में जीवन रक्षक उपकरणों पर रहकर मुश्किल से बचाया गया हालात कुछ सामान्य होने पर उसे एक सप्ताह पहले ही घर भेज दिया था लेकिन सप्ताह के बाद उसे दोबारा फॉलोअप के लिए जिला अस्पताल बुलाया गया था और कॉल करने पर एंबुलेंस मां बेटी और पिता को लेकर जिला अस्पताल आ रही थी तभी गोरस तिराहे के पास तेज रफ्तार में अचानक मोड दिखाई नहीं देने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क से दूर जंगल में पलटी खा गई। कई पलटी खाने से एंबुलेंस बुरी तरह टूट गई लेकिन गनीमत यह रही की एंबुलेंस में मां और बेटी को खरोंच तक नहीं आई अलबत्ता बच्ची के पिता पप्पू आदिवासी को जरूर मामूली चोटे आई है जिसे जिला अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई लोग इसे ईश्वर का चमत्कार मान रहे हैं दुर्घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल से दूसरा वाहन ने पहुंचकर मां बेटी और घायल पप्पू पटेलिया को अस्पताल पहुंचाया।

# नील गाय 20 फीट ऊंचाई से छलांग लगाने से घायल, इलाज़ के बाद पहुंचाया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 पर कलारना गांव के पास बाईपास हाईवे से रविवार को एक नील गाय ने करीब 20 फीट ऊंचाई से छलांग लगा दी जिससे उसके दोनों पैर फैक्चर हो गए। बुरी तरह घायल और घबराई नील गाय को आसपास खेती-बाड़ी कर रहे किसानों ने वन विभाग की मदद पशु चिकित्सालय पहुंचाकर इलाज करवाया।

प्रत्यक्ष दर्शी रफत गोरी किंग ने बताया कि वह उसके खेत में काम कर रहा था तभी खेत की ओर से एक विशालकाय नील गाय हाईवे पर चढ़ गई और बाद में दूसरी और कूद गई क्योंकि जिस जगह से नीलगाय चढ़ी थी उस जगह से हाईवे की ऊंचाई कम थी लेकिन दूसरी ओर से ऊंचाई अधिक होने के चलते उन्हें आभास हुआ कि नील गाय को चोट ना पहुंची हो। रफत गोरी ने मौके पर जाकर देखा तो नीलगाय बुरी तरह घायल होकर जमीन पर पड़ी हुई थी उन्होंने वन विभाग को फोन कर



सूचना दी मौके पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर घायल नील गाय को किसानों की मदद से जेसीबी के सहारे से पहले अपने ट्रक में लदवाया और उसके बाद उसे इलाज के लिए पशु जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने बताया कि 20 फीट ऊंचाई से कूदने से पैर की हड्डी टूट गई थी जिसे जोड़ तो दिया है लेकिन जंगली जानवर होने के चलते उसे वन्य परिवेश में ही छोड़ा जाना ठीक समझते हुए वन विभाग ने उसे दूर जंगल में ले जाकर ऐसे स्थान पर छोड़ दिया जहां से वो उसकी निगरानी रख सकें।

# कई चिकित्सकों के आवास मिनी पीएससी होने के बावजूद उपेक्षित



**पुराने अस्पताल में सड़क दुर्दशा के लिए कर्मचारी दिव्यांक प्रकोष्ठ ने लिखा सीएम को पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के मध्य स्थित पुराना जिला अस्पताल परिसर इन दिनों प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। हालांकि जिला अस्पताल अपने नए भवन में शिफ्ट हो गया है लेकिन अभी भी इस अस्पताल परिसर में बने आवासों में कई चिकित्सक रह रहे हैं, जिसका लाभ शहरवासी इलाज़ कराकर ले रहे हैं। इसी परिसर में रेडक्रॉस द्वारा संचालित मिनी पीएससी भी संचालित है जिसे जिला अस्पताल से कनेक्ट किया हुआ है। यहां पर भी सैकड़ो मरीज इलाज करने पहुंच रहे हैं पर इस परिसर की ओर से नगर पालिका की अनदेखी इतनी अधिक हो गई है कि लोगों को इस रास्ते से पैदल गुजरना भी मुश्किल हो रहा है सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढे यहां इलाज़ कराने आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। गड्ढों और टूटी नालियों के कारण रोड पर पानी फेलता है जिसमें सबसे अधिक परेशानी दिव्यांगजनों को आती है। इससे परेशान होकर कर्मचारी दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिक्षक लेखराज बंसल ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर की है, साथ ही उन्होंने 27 नवंबर को श्योपुर आ रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को से मिलकर इसकी शिकायत करने की बात भी कही है।

# आवदा पुलिस ने दबोचे दो चोर 20 हजार के केबल किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आवदा थाना पुलिस ने केबिल चोरी मामले में फरार चल रहे दो चोरों को नामजद करते हुए अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने दोनो चोरों के कब्जे से 20 हजार रूपए से अधिक कीमत की चोरी की केबिल बरामद की है। दोनों चोरो को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी आवदा राहुल रघुवंशी ने बताया कि फरार अपराधियों की धरपकड के लिए इन दिनों पुलिस कप्तान सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में अभियान चल रहा है। इस अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मसावनी स्थित वन विभाग के प्लांटेशन में लगी बिजली केबिल के चोरी होने संबंधी मामले में फरार बने राजू गुर्जर पुत्र रामस्वरूप गुर्जर निवासी चकमजीदपुर तथा खुशी आदिवासी पुत्र किशन आदिवासी निवासी चकमजीदपुर को अरेस्ट कर लिया और दोनो के कब्जे से 487 फीट केबिल जब्त की गई।



### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में श्योपुर को मिला 8वां स्थान,अब टॉप-5 का लक्ष्य

श्योपुर।कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण गंभीरता एवं सकारात्मक रूप से करें, संतोषजनक निराकरण करते हुए संबंधित से चर्चा कर शिकायतों को बंद करायें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि नवंबर माह की रैकिंग में श्योपुर जिला 83 अंक के साथ प्रदेश में 8वे स्थान पर रहा है, अधिकारी अगले माह टॉप-5 का लक्ष्य लेकर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण करें। सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों में एल-1 अधिकारी द्वारा शिकायतों को तत्काल अटेन्ड किया जायें, सभी विभाग शत प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के लक्ष्य के साथ कार्य करें। अधिकारी कलस्टर लेबल पर निराकरण की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करें तथा मैदानी अमले से संतुष्टिपूर्वक निराकरण करायें। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा कि गीता जयंती एवं विक्रमोत्सव आयोजन के लिए अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शासन निर्देशो के अनुसार 01 दिसंबर को गीता जयंती तथा 15 फरवरी से 19 मार्च 2026 तक विक्रमोत्सव कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाये जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें।

### एसपी ने रघुनाथपुर थाने का किया वार्षिक निरीक्षण, दिए निर्देश

# गश्त व्यवस्था को मजबूत बनाओ भैंस व रेत चोरी को सख्ती से रोको

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



थाना क्षेत्र में अपनी गश्त व्यवस्था को बेहतर बनाओ, भैस चोरी और रेत चोरी सहित अन्य चोरियों पर सख्ती के साथ रोक लगाओ। जो अपराध पेडिंग चल रहे है,उनका जल्द से जल्द निराकरण करो। यह निर्देश एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने सोमवार को रघुनाथपुर थाने का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी डीएस मालवीय तथा थाना स्टाफ को दिए।

दरअसल पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल सोमवार को अपने वार्षिक निरीक्षण के तहत रघुनाथपुर थाने का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे। सुबह करीब 9 बजे रघुनाथपुर थाने पहुंचे एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने दोपहर करीब डेढ बजे तक रूककर रघुनाथपुर थाने का निरीक्षण किया और थाने में दर्ज हर अपराध और उसके निकाल की स्थिति जानते हुए निर्देश दिए कि सभी अपराधों का जल्द से जल्द से निकाल किया जाए। 31 दिसंबर तक थाने में कोई भी अपराध पेडिंग नहीं रहना चाहिए। थाने का रिकॉर्ड भी दुरूस्त रखा जाए। थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे चालू रहने चाहिए। पुलिस लाइन से थाने को जो भी संसाधन उपलब्ध हुआ है,उसका रखरखाव किया जाए। थाना क्षेत्र में कोई भी अवैध गतिविधियां संचालित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए थाना प्रभारी पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई करें। भैस चोरी, रेत चोरी सहित अन्य कई चोरी की वारदाते न हो,इसके लिए भी सख्ती के साथ जरूरी कदम उठाए जाए। गश्त व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए।

### राजस्थान के बारां में आयोजित शादी समारोह में परिवार के लोगों के साथ गई थी किशोरी

# शादी में किशोरी ने खाया चिकन तो गले में फंस गई हड्डी, सुबह डॉक्टरों ने निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शादी समारोह में परिवार के लोगों के साथ गई एक किशोरी ने चिकन खाया तो उसके गले में हड्डी फंस गई। जिस कारण उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उसकी हालत बिगडने लगी। रातभर परेशान बनी रही किशोरी को परिवार के लोगों ने श्योपुर जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया,जहां ईएनटी विशेषज्ञ डॉ राजेश शाक्य ने बिना सर्जरी के एंडोस्कोपी के जरिए किशोरी के गले में रातभर से फंसी हड्डी निकाली।जिसके बाद किशोरी की जान में जान आई और परिवार के लोगों ने भी राहत की सांस लेते हुए डॉक्टर को धन्यवाद दिया।

शहर श्योपुर के वार्ड क्रमांक 16 निवासी लाइवा 16 वर्ष पुत्री मोहम्मद खलील रविवार को अपने परिवार के लोगों के साथ राजस्थान के बारां में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई थी। जहां रात को शादी समारोह में चिकन खाने के दौरान उसके गले में मुर्गे की हड्डी फंस गई। इसके बाद किशोरी को सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उसे बोलने भी दर्द महसूस होने लगा। ऐसे में परिवार के लोगो ने किशोरी को स्थानीय स्तर पर डॉक्टर को दिखाया,लेकिन उसे कोई आराम नहीं मिला। जिसके बाद परिवार के लोग वापस श्योपुर लौट आए और सोमवार की अल सुबह किशोरी को लेकर जिला अस्पताल श्योपुर में पहुंचे। जहां उन्होंने जिला अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ राजेश शाक्य को किशोरी को दिखाते हुए परेशानी बताई। जिसके बाद डॉ शाक्य ने गले की जांच के दौरान पाया कि उसके गले में हड्डी फंसी हुई है। जिसके बाद डॉक्टर ने उसका एक्सरे करवाया मगर एक्सरे में गले में फंसी हड्डी नहीं दिख रही थी,लेकिन एंडोस्कोपी से देखने पर किशोरी के गले में फंसी हड्डी साफ दिख रही थी। इसके बाद डॉ राजेश शाय ने तत्काल किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती किया और एनेस्थीसिया डॉक्टर योगेश रावत के साथ मिलकर डॉ राजेश शाक्य ने बिना सर्जरी एंडोस्कोपी के जरिए करीब 15 मिनट के भीतर किशोरी के गले में फंसी लगभग 5 सेंटी मीटर की हड्डी को बाहर निकालकर किशोरी की जान बचाई। अब उसकी हालत में पहले से काफी सुधार है।



#### यह दूसरा जटिल ऑपरेशन

जिला अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ राजेश शाक्य के द्वारा लाइवा के गले में फंसी हड्डी निकालने का यह दूसरा जटिल ऑपरेशन है। इसके पहले डॉ शाक्य एक जटिल ऑपरेशन के जरिए उसे बच्चे की जान भी बचा चुके है, जिसने पिन उठाकर खा लिया था और वह पिन उसके गले में फंस गया था। जिसका पता परिजनों को डॉक्टर द्वारा एक्सरे कराने पर चला,क्योंकि एक्सरें के दौरान बच्चे के गले में फंसी पिन साफ दिख रही थी। एक सफल ऑपरेशन के जरिए डॉ शाक्य ने बच्चे के गले में फंसी पिन को निकाल कर उसकी जान बचाई।

#### अब कान के ऑपरेशन भी हो सकेंगे जिला अस्पताल में

जिला अस्पताल में अब मरीजों के कान के ऑपरेशन भी हो सकेगे। दरअसल अभी तक जिला अस्पताल में कान के ऑपरेशन करने के लिए संसाधन नहीं थे, हालांकि ईएनटी विशेषज्ञ डॉक्टर पदस्थ है, मगर वे डॉक्टर भी संसाधनो के अभाव में कानो के ऑपरेशन करने में असमर्थ बने थे। इसलिए कान की गंभीर परेशानी लेकर आने वाले मरीजों को रैफर किया जाता रहा है। मगर अब कान की परेशान की लेकर आने वाले मरीज जिला अस्पताल से रैफर नहीं किए जाएंगे,क्योंकि जिला अस्पताल में माइक्रोस्कोप की सुविधा उपलब्ध हो गई। जिसके जरिए अब कान के ऑपरेशन भी जिला अस्पताल में ही हो सकेगे।

#### इनका कहना है...

किशोरी ने शादी समारोह में चिकन खाया था। उसी दौरान हड्डी उसके गले में फंस गई। इस वजह से वह पानी भी नहीं पी पा रही थी,उसे सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी, अब किशोरी की हालत पूरी तरह ठीक है।

**डॉ राजेश शाक्य**
**ईएनटी विशेषज्ञ जिला अस्पताल श्योपुर**

# घूघस में एसआईआर फार्म भरने की बात पर झगडा,क्रॉस एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीरपुर थाना क्षेत्र के गांव घूघस में रविवार की शाम को एसआईआर फार्म भरने संबंधी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसमें नामजद आरोपियों ने बीएलओ की मारपीट कर दी। इससे नाराज हुए बीएलओ के बेटो ने भी उनके पिता की मारपीट करने वालो लोगो को पीट दिया। इस मामले में वीरपुर थाना पुलिस ने क्रॉस मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम घूघस में बीएलओ बीरबल जाटव रविवार को जब गांव में एसआईआर फार्म भर रहा था इस दौरान आधार कार्ड मांगने की बात पर गांव के ही सुनील जाटव से कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि सुनील जाटव और राजू जाटव ने मिलकर बीएलओ बीरवल की मारपीट कर दी और सरकारी काम में व्यवधान भी उत्पन्न किया। जब इस मारपीट की जानकारी बीएलओ के परिजनों को लगी तो वे भी आक्रोशित हो गए और उन्होने उन लोगों की मारपीट कर दी,जिन्होने बीएलओ के साथ मारपीट की थी। इसके बाद दोनो पक्ष के लोग वीरपुर थाने पहुंचे। पुलिस ने इस मामले में बीएलओ बीरबल की रिपोर्ट पर सुनील जाटव और राजू जाटव के खिलाफ तथा सुनील जाटव की रिपोर्ट अनिल जाटव और संदीप जाटव पुत्र बीरवल जाटव के खिलाफ मारपीट की धाराओं में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

#### इधर काचरमूली में भिड़े दो भाई, चले लात घूसे और पत्थर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव काचरमूली में रविवार को दो भाईयो के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनों परिवार के लोगों के बीच लातघूसे और पत्थरबाजी हो गई। विवाद के दौरान दो लोगो को चोट आई है। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल करा दिया है। मानपुर टीआई ने बताया कि मांगीलाल मीणा और धारा सिंह मीणा आपस में सगे भाई है। रविवार को इनके बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद में एक तरफ से धारा सिंह चोटिल हो गया तो दूसरी तरफ से मांगीलाल की पत्नी मौसमी बाई जख्मी हो गई। इस मामले में धारा सिंह मीणा की रिपोर्ट पर मांगीलाल, रामरूप, अमन, लक्ष्मी बाई, मौसमी बाई के खिलाफ मारपीट और पत्थरबाजी की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया। वहीं मौसमी बाई की रिपोर्ट पर धारा सिंह और महावीर मीणा के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

#### ढोढर पुलिस ने पकड़ा भैंस चोर, बरामद की भैंसे

श्योपुर। ढोढर थाना पुलिस ने भैस चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए न सिर्फ भैस चोर को पकड लिया है,बल्कि उसके कब्जे से चुराई गई भैसे भी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने बताया कि ग्राम टर्राकलां निवासी सत्यनारायण रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 2 भैस और 3 पडिया को कमलेश भिलाला निवासी पहाडी थाना बरगवां चोरी करके ले गया है। इस मामले में चोरी का मामला दर्ज किया और मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर कमलेश को अरेस्ट किया और उसके कब्जे से चोरी की भैसे भी बरामद कर ली।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी आमिर कुरेंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोरभ गोस्वामी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम श्यामाटोरी निवासी इन्द्रभान सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेश, सुरेन्द्र और हक्के यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी सुनीताबाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान, गुड्डी बाई और सुनीता बाई जाटव ने डंडा और खुरपी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिनमें जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम भांतपुरा निवासी जगदीश सांसी के पास से 9 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के शाढ़ौरा थाने की पुलिस ने संतोष कौरी निवासी म्यापुर के पास से 20 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम खाईखेड़ा निवासी सतेन्द्र यादव के पास से पुलिस ने 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### बाइक चलाते समय नींद आने से मजदूर की मौत

**अशोकनगर।** स्थानीय कृषि उपज गल्ला मण्डी से काम कर अपने घर वापिस लौट रहा एक मजदूर किशोरी पुत्र गोकुल सिंह कुशवाह उम्र 38 साल की बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेहकाई के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। बताया गया है कि वह गल्ला मण्डी में हम्माल का काम करता है और अपने साथी के साथ घर वापिस लौट रहा था अचानक उसे नींच की झपकी आ गई जिससे वाहन सड़क पर फिसल गया। उसका सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। घायल को बहादुरपुर अस्पताल में ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### भार्गव ने सफाई कर्मियों को माला पहनकर किया सम्मानित

**अशोकनगर।** सफाई व्यवस्था में लगे सफाई कर्मियों का शनिवार की सुबह 9 बजे समाज सेवी विवेक भार्गव द्वारा सम्मान किया गया। नई सराय कस्बे की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी दर्जन भर से भी ज्यादा सफाई कर्मियों पर है। सुबह ही सफाई कर्मी हाथों में झाड़ू थामे ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर कस्बे की सड़कों और नालियों की सफाई करने निकल पड़ते हैं। समाजसेवी विवेक भार्गव ने बताया सभी सफाई कर्मियों को माला पहनाकर शाल और मिठाई का डिब्बा भेंट किया। समाजसेवी विवेक शर्मा समय समय पर आदिवासी और गरीब बस्तियों में भी पहुंचकर छोटे छोटे बच्चों को कपड़े, खिलौने और परिवारों को राशन सामग्री वितरित करते रहते हैं। यही नहीं वह सभी त्यौहार गरीब परिवारों के बीच ही मनाते हैं। समाजसेवी विवेक शर्मा बताते हैं कि, नर सेवा ही नारायण सेवा है।


### गरीबों को ठंड के मौसम में कम्बल का वितरण किया गया

**अशोकनगर।** जीएसटी (गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट) ग्रुप द्वारा इस वर्ष भी ठंड के मौसम में ज़रूरतमंद परिवारों के लिए सेवा कार्य किया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी ग्रुप ने ईसागढ़ के आसपास स्थित गांवों में जाकर लगभग 200 कम्बलों का वितरण किया। ग्रुप द्वारा वर्ष 2017 से लगातार हर वर्ष ठंड के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ऐसे परिवारों को कम्बल दिए जाते हैं जिन्हें ठंड से बचाव की अधिक आवश्यकता होती है। इस सेवा के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को एक कम्बल प्रदान किया गया। इस वर्ष विशेष रूप से ग्रुप द्वारा कम्बलों के साथ-साथ बच्चों के लिए खिलौने, इनर ठंड से बचाव के लिए एवं कानों को ढकने वाले ऊनी टोपी भी दी गईं। गांवों के लोगों ने बताया कि उन्हें हर साल इस समूह का इंतज़ार रहता है।

## 12 ब्रम्हचारी भैया और दो क्षुल्लकों को ऐलक दीक्षा, सुधासागर महाराज ने की प्रदान

# 14 जैनेश्वरी दीक्षाओं का थूवोनजी की धार्मिक धरा पर ऐतिहासिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर













दिगम्बर जैन दर्शन के अतिशय क्षेत्र थूवोनजी में रविवार का दिन जैनेश्वरी दीक्षा के नाम रहा। यहां के एक हजार साल के इतिहास में पहली बार जैनेश्वरी दीक्षा का आयोजन हुआ। पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने निर्यापक बनने के बाद 14 दीक्षाएं प्रदान कीं हैं। जिनमें 12 ब्रम्हचारी भैया शामिल हैं तथा पहले से ही संघ में जो दो क्षुल्लक थे उन्हें भी ऐलक श्री की दीक्षा प्रदान की गई है।

50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह भव्य आयोजन देखने को मिला। इस मौके पर पुंगव निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा कि श्रमण संस्कृति को ऊंचाईयां देने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज थे उसी क्रम में आचार्य श्री बहुत सोचते थे। मेरा जैसा छोटा साधु उनके साथ था, उनका प्रेम मेरे साथ बहुत था। गुरू ने मेरे अन्दर योग्यता देखी थी उनका कहना था कि योग्यता को छिपाना अपराध है। मैं तुम्हे आदेश देता हूं ब्रम्हचारी भैया तैयार करो और उन्हें आगें बढ़ाओं यह एक प्रकार से धर्म के प्रति ऋण है। 20 मिनट तक आचार्य श्री समझाते रहे 3 ब्रम्हचारी भैया को मैने आचार्य श्री के पास भेजा जो क्षुल्लक बनकर मेरे साथ हैं। आचार्य श्री ने 10 निर्यापक मुनि इसलिए बनाए थे कि वह 100-100 शिष्य तैयार करते रहेगें। उनके द्वारा लगाया गया पौधा हजार साल तक नजर आता रहे यह उनका प्रयास था। अंतिम प्रवचन में उन्होंने कहा था कि मैने 10 निर्यापकों को संघ सौंप दिया है। गुरू की आज्ञा से यदि मुझे संसार में तो क्या आकाश में भी क्षेद करने के लिए कहा जाए तो में गुरू आज्ञा मानने को तैयार हूं। गुरू की आज्ञा बहुत बड़ी है। आप सभी ने गुरू का मेरे प्रति वात्सल्य देखा होगा। आचार्य समयसागर जी हमारे संघ में बड़े भाई हैं और वर्तमान में आचार्य पद का निर्वाह कर रहे हैं।

इस मौके पर सांगानेर से आए डॉ सुरेन्द्र भारती ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ क्षेत्र थूवोनजी के लिए यह एक इतिहास की बात है। यहां उपस्थित समाज इस बात का गवाह है कि आपके द्वारा जो दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वह ब्रम्हचारी भैयाओं की इच्छा थी उसके अनुसार दिया गया है। उन्होंने कहा कि आप सांगानेर में चल रहे केन्द्र के संरक्षक हैं और 1000 ग्रन्थों का प्रकाशन साहित्य के क्षेत्र में यहां से हुआ है। यहां आध्यात्म की शिक्षा प्राप्त करने वाले 3 ब्रम्हाचारी भैया आज यहां दीक्षार्थी हुए हैं।

इस मौके पर सुशीला पाटनी ने कहा कि आज मुझे इस कार्यक्रम में शामिल होने पर आंनद की अनुभूति हो रही है। मैं सभी दीक्षार्थीयों से यह कहना चाहती हूं कि वह दीक्षा लेने के बाद अपने गुरू का नाम रोशन करें।

### सभी ब्रम्हचारी भैया ने अपने गृहस्थ जीवन के लोगों से क्षम याचना की और और गुरू से दीक्षा मांगी

जैनेश्वरी दीक्षा से पहले दीक्षा प्राप्त करने वाले सभी ब्रम्हचारी भैयाओं के केश लोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां सभी दीक्षा प्राप्त करने वाले ब्रम्हचारी भैयाओं ने अपने हाथों से स्वयं बाल निकाले जिसके बाद जैनेश्वरी दीक्षा से पहले सभी ब्रम्हचारी भैया मुनि श्री के समक्ष पहुंचे और बारी बारी से उन्होंने अपने नाम के साथ जन्म स्थान और शिक्षा आदि से अवगत कराते हुए कहा कि अभी तक वह गृहस्थ जीवन का पालन करते आ रहे थे। आज के बाद वह अपने जीवन में वैराग्य के पद पर चलने के लिए अपनी इच्छा से आए हैं। उन्होंने अपने माता पिता, परिवारजनों और गृहस्थ जीवन से जुडे उन सभी लोगों को याद किया जिनके साथ उन्होंने जीवन बिताया था। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह अपने गुरू के प्रति नतमस्तक हैं जिन्होंने उन्हें दीक्षा देने के लिए स्वीकार किया। उन्होंने अपने गृहस्थ जीवन के सभी जनों से माफी मांगी और वैराग्य कैसे आया इसका भी वर्णन उन्होंने अपने उदवोधन में किया। इस कार्यक्रम में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में आसपास के जिलो से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जैनेश्वरी दीक्षा देखने पहुंचे थे। अशोकनगर शहर से थूवोन क्षेत्र कमैटी द्वारा बसों का संचालन किया गया था।

### मुनिश्री ने मंत्रोच्चार के साथ दीक्षा दी और पिच्छी कमंडल प्रदान किए

जब जैनेश्वरी दीक्षा देने का समय आया तब मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने सबसे पहले अपने संघ के संघस्थ क्षुल्लक वरिष्ठ सागर जी और विदेह सागर जी को दीक्षा प्रदान की। उन्होंने अपने हाथों से उनके सिर पर हाथ रखकर मत्रोंच्चार के साथ दीक्षा प्रदान करते हुए उनके दोनों हाथो में सामग्री प्रदान की। इसी तरह ब्रम्हचारी भैया जो पहली बार दीक्षा ले रहे थे उनकों भी मंत्रोच्चार के साथ दीक्षित किया और वह जो भी वस्त्र पहनकर आए थे उन्हे बारी बारी से हटाया गया। अब ऐलक की दीक्षा के साथ वह अब एक लंगोट के रूप में पिच्छी कमण्डल के साथ ऐलक मुनि के रूप में जाने जाएगें। इस मौके पर यजमान को दीक्षार्थीयों ने अपने हाथों में जो सामग्री दी गई थी उसे प्रदान की और थाली की सामग्री परिवार जनों को प्रदान की गई। इस पूरे आयोजन में प्रदीप भैया की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन विजय धुर्रा ने किया।

दीक्षा के बाद मुनि श्री ने नया नामकरण किया

क्षुल्लक श्री वरिष्ठ सागर जी दीक्षा के बाद ऐलक श्री वरिष्ठ सागर
क्षुल्लक श्री विदेह सागर जी दीक्षा के बाद ऐलक श्री विदेह सागर
ब्रम्हचारी भैया मोनू दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुज्ञान सागर जी
ब्रम्हचारी भैया सोनू दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुयोग सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अक्षय दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुमेध सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अतिशय दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुवोध सागर जी
ब्रम्हचारी भैया विवेक दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुनय सागर जी
ब्रम्हचारी भैया कमलेश दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुधर्म सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अंकित दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुयश सागर जी
ब्रम्हचारी भैया संयम दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुदया सागर जी
ब्रम्हचारी भैया सुयश दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुगुण सागर जी
ब्रम्हचारी भैया आशु दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुविवेक सागर जी
ब्रम्हचारी भैया अंकुर दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुशांत सागर जी
ब्रम्हचारी भैया राहुल दीक्षा के बाद ऐलक श्री सुचेतन सागर जी


## फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया



**भौंती।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना भौंती पुलिस द्वारा इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। दिनांक 04.06.25 को फरियादी अनिल परिहार निवासी ग्राम कुरथरा थाना बडोनी जिला दतिया ने आरोपी शिवानी परिहार, संजीव उर्फ साजन परि दर्शनी परिहार, राहुल पाल, सुमन पाल, छोटू पाल के विरूद्ध ब्लैकमेल कर 2000 रुपये ऐंठने की रिपोर्ट की थी। फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। आरोपी छोटू लोधी, सुमन लोधी, राहुल पाल एवं प्रियदर्शनी परिहार को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये गये लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5000-5000 रुपए इनाम घोषित की गई। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये बाद एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर थाना भौंती पुलिस फोर्स द्वारा दिनांक 24 नवंबर 2025 को आरोपी साजन उर्फ संजीव उर्फ चुगली पुत्र रामनिवास परिहार उम्र 22 साल निवासी ग्राम काराखेत मनपुरा थाना भौंती को गिरफ्तार कर न्यायालय पिछोर में पेश किया गया।

## आज निकलेगी भगवान राम की चक्रवर्ती महाबारात, भगवान को चढ़ाई हल्दी

**बीना।** शहर में मंगलवार को खिरिया वार्ड स्थित श्रीरामनाम सिद्ध पीठ से भगवान श्रीराम की चक्रवर्ती महाबारात धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। श्रीराम जानकी विवाह महोत्सव के एक दिन पूर्व सोमवार को नया मंदिर श्रीराम नाम सिद्ध पीठ में शाम 5 बजे मंडप, हल्दी और चिकट का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें भगवान को हल्दी चढ़ाई गई। महिला श्रद्धालुओं के द्वारा मंगल गीत गाते हुए बधाई नृत्य कर भगवान के विवाह की रस्मों का भरपूर आनंद उठाया। साथ ही भगवान के मंडप के प्रसादी ग्रहण किया।



जानकारी अनुसार चक्रवर्ती महाबारात आज सुबह श्रीराम नाम सिद्ध पीठ शुरू होकर सर्वोदय चौक, कॉलेज तिराहा, महावीर चौक, मां जागेश्वरी मार्ग से होते हुए श्रीराम नाम सिद्ध पीठ पर पहुंचेगी। जहां पर भगवान के विवाह की रस्में पूरी होगी। श्रीराम महाबारात में शामिल होंने के लिए एक दिन पूर्व से ही शहर में झांकियां एवं कलाकर आ पहुंचे है। जिन्होंने तैयारी शुरू कर दी है। साथ ही महाबारात को लेकर प्रशासन ने भी अपने स्तर पर तैयारी पूर्ण कर ली हैं। वहीं महाबारात को लेकर शहर में अच्छा खासा उत्साह है। महाबारात के स्वागत के लिए सवोर्दय चौराहा एवं गांधी चौराहा पर स्वागत गेट तैयार गया। साथ ही मंदिर से चौराहे तक लाइटिंग लगाई गई। इसके अलावा मंदिर की विशेष सजावट की गई। मंदिर को कई क्विंटल फूलों से सजाया जाएगा, जो आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह शहर के सबसे बड़े आयोजन श्रीराम महाबारात को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह है।

## थाना मुंगावली ने गिरफ्तारी वारंटी को धारदार हथियार सहित गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** 22 नबंवर को थाना प्रभारी मुंगावली उनि. जोगेन्द्र सिंह यादव द्वारा गिरफ्तारी वारंटी मंगल सिंह सांसी पिता गुलाब सिंह सांसी उम्र 27 वर्ष निवासी भटपुरा थाना मुंगावली को दो पूर्व पंजीबद्ध पृथक-पृथक अपराधों में न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंटों के अनुपालन में गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 22 नबंवर को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त वारंटी नई गल्ला मंडी के पास स्थित पहाड़ी पर किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की नीयत से छिपा खड़ा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचकर आरोपी



की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम मंगल सिंह सांसी बताया। मौके पर की गई तलाशी में उसके पास से एक छुरा बरामद हुआ। तत्क्षण आरोपी को विधिसम्मत गिरफ्तार कर छुरा जप्ती का पंचनामा तैयार किया गया। घटना पर धारा 25 बी आम्र्स एक्ट के तहत नवीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसके साथ ही आरोपी को पूर्व में जारी दोनों गिरफ्तारी वारंटों में भी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय मुंगावली प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर जेल वारंट तैयार कर आरोपी को जेल निरुद्ध किया गया है।

## न्यायालय द्वारा थाना पिपरई के हत्या के इनामी आरोपी जूली आदिवासी को फरार घोषित किया

**अशोकनगर।** थाना पिपरई पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा गंभीर अपराधों आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था अति. पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कवर एस.डी.ओ.पी. मुंगावली सनम बी खांन के निर्देशन में फरार चल रहे ईनामी आरोपी जूली आदिवासी निवासी ईमलिया को फरार घोषित किया गया। थाना पिपरई में दिनांक 18.11.2024 को फरियादी बलवीर सिंह पुत्र जंगली आदिवासी उम्र 24 साल निवासी ग्राम इमलिया द्वारा रिर्पोट की गई कि जूली आदिवासी ने जमीनी विवाद चलने पर से रंजिस के कारण हमारे घर में आकर मेरे पिता जंगली आदिवासी को सोते समय जान से मारने की नियत से कुल्हाडी सिर व माथे पर मारी जिससे चोट होकर खून निकला जिससे मेरे पिता खत्म हो गये फरियादी की रिपोर्ट से अपराध कमांक 313/2024 धारा 103 (3) भा.न्या.स. कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटना स्थल का नक्शा मौका, कथन फरियादी व कथन साक्षीगण लेख किये गये। प्रकरण का आरोपी जूली आदिवासी घटना दिनांक से फरार है। आरोपी की पतारसी हेतु हरसंभव प्रयास किए गए परन्तु आरोपी नहीं मिला। आरोपी अपने पास मोबाईल नहीं रखता है जिससे उसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है। आरोपी की सभी रिश्तेदारियों में आरोपी की पतारसी की गई परन्तु किसी के द्वारा सार्थक जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। आरोपी का आधार कार्ड प्राप्त कर आधार सर्च कराया गया। प्राप्त एक्टिव नंबरों की सीडीआर ली गई जो निल प्राप्त हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 5000 रूपये का ईनाम घोषित किया गया है।

आरोपी की तलाशी के लिए उसकी रिश्तेदारियों एवं संभावित स्थानों पर लगातार की गई कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। आरोपी की चल अचल संपत्ति की जानकारी तहसील पिपरई से प्राप्त की गई आरोपी के नाम कोई सम्पत्ति नही होना पाया गया। आरोपी जूली आदिवासी की तलाश हेतु ग्राम ईमलिया व चंदेरी में की गई जो गिरफ्तारी से बचने के लिए छुप रहा है।

### एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध बनाना है: एसडीएम

## 10 मतदान केंद्रों पर हुआ शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण, बीएलओ को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बीना विधानसभा में अभियान तेज गति से चल रहा है। एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय डेहरिया ने बताया कि अभियान के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रकों का वितरण तथा उनका संग्रहण उपरांत डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। यह अभियान 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन और शुद्ध बनाना है। यह अभियान चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने में मदद करेगा।

**232 मतदान केंद्र पर चल रहा कार्य-** बीना विधानसभा में 192476 मतदाता हैं तथा 232 मतदान केंद्र हैं। जिनके लिए गणना पत्रक उपलब्ध कराकर विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्यवाही की जा रही। अभी तक 65 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र के 10 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां पर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है। शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन करने वाले ऐसे 10 बीएलओ को सम्मानित किया गया। एसडीएम ने बताया मतदाता सूची में सभी पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत, दोहरे एवं बाहर शिफ्ट हो चुके मतदाताओं के नाम हटाने और मतदाता जानकारी को अद्यतन करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाए जा रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील है कि बीएलओ को गणना पत्रक भरकर शीघ्र जमा करें जिससे कि निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण हो सके। भारत निर्वाचन आयोग ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता हितैषी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। इस कार्य के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार डॉ अंबर पंथी, नायब तहसीलदार हेमराज मेहर, मास्टर ट्रेनर डॉ एमएल सोनी, संजय ताम्रकार, रंजीत राजपूत, दीपक गोस्वामी, शिखा राजपूत, विनीता चौरसिया, चंचल श्रीवास्तव, राधे दांगी सहित समस्त मास्टर ट्रेनर एवं सुपरवाइजर तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारियों सहित कंट्रोल रूम एवं हेल्प डेस्क के माध्यम से निरंतर संपर्क कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### संदीपनि स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## पुलिस टीम ने छात्राओं को गुड-टच और बैड-टच की दी महत्वपूर्ण जानकारी

**पिपरई।** पुलिस विभाग द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत शुक्रवार को संदापनि स्कूल में एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्राएं, शिक्षक और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा, सतर्कता और आत्मरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक करना था।



कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने बाल सुरक्षा, महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकथाम तथा गुड-टच और बैड-टच की पहचान संबंधी विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को समझाया गया कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित है और किस प्रकार की स्थिति में उन्हें तुरंत सतर्क होकर मदद मांगनी चाहिए। टीम ने वास्तविक उदाहरणों और सरल भाषा के माध्यम से छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की असहजता या खतरा महसूस होने पर वे तुरंत अपने परिजनों, शिक्षकों या पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें। थाना प्रभारी प्रशांत यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन मुस्कान का उद्देश्य बच्चों और किशोरियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि बढ़ते साइबर अपराध, छेड़छाड़ और अन्य अपराधों को देखते हुए छात्राओं का जागरूक होना बेहद जरूरी है। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि पुलिस हर समय बच्चों की सुरक्षा के लिए तत्पर है और शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम में पुलिस टीम द्वारा एक विशेष प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें गुड-टच और बैड-टच को दर्शाने वाली स्किट प्रस्तुत की गई। प्रस्तुति के माध्यम से छात्राओं को यह समझाया गया कि यदि कोई व्यक्ति अनुचित तरीके से संपर्क करता है, तो उन्हें बिना डर के तुरंत 'न' कहना चाहिए और भरोसेमंद व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान एक छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए अपनी एक निजी समस्या पुलिस टीम के सामने रखी।

पुलिस अधिकारियों ने तुरंत उसकी बात सुनी और आवश्यक कानूनी व सुरक्षा सहायता का भरोसा दिलाया। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि ऐसी समस्याओं को छिपाने के बजाय सामने लाना आवश्यक है, ताकि अपराध को रोका जा सके और पीड़ित को न्याय मिल सके।